बीकानेर ज़िला 05-04-2025

# कृषि विश्वविद्यालय में एक गुट का धरना समाप्त, एबीवीपी का जारी

बीकानेर| स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में चल रहा विद्यार्थियों के एक गुट का धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 29 मार्च को अनिश्चितकालीन धरना लगाया था। विश्वविद्यालय प्रशासन के समझाने पर शुक्रवार को विद्यार्थियों ने धरना समाप्त कर दिया है। वहीं दूसरी और एबीवीपी की एग्रीविजन इकाई के कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय में हो रही अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार को अवगत कराया गया है। सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने तक धरना जारी रहेगा।

# एसकेआरएयू में विद्यार्थियों का धरना समाप्त, सौंपा ज्ञापन



बीकानेर @ पत्रिका. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अपना धरना समाप्त किया। विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक स्टाफ की ओर से धरनारत विद्यार्थियों से शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया गया।

इस अनुरोध को मानते हुए विद्यार्थियों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। विद्यार्थियों ने विवि के रजिस्ट्रार देवाराम सैनी से मिलकर 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा।

पंजाब केसरी
SAT,05 APRIL 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

# एस .के .आर .ए .यू .-विद्यार्थियों का धरना समाप्त, छात्र कल्याण के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन कटिबद्ध

बीकानेर, 4 अप्रैल (प्रेम) : स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अपना धरना समाप्त किया। विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक स्टाफ द्वारा धरनारत विद्यार्थियों से शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया गया, इस अनुरोध को मानते हुए विद्यार्थियों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देवाराम सैनी से मिलकर 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। देवाराम सैनी ने विद्यार्थियों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों से कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने, पूरी लगन से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। छात्र कल्याण के विषय पर कोई समझौता नहीं होगा। अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विश्वविद्यालय शैक्षणिक, अनुसंधान और अन्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयासरत है।


अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। (प्रेम)

इससे पहले छात्र कल्याण और अनुसंधान निदेशक डॉ. विजय प्रकाश, भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय के निदेशक डॉ दाताराम, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण वाई के सिंह ने विद्यार्थियों से बातचीत कर धरना समाप्त करने के लिए समझाइश की।

डॉ. विजय प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा अर्जन सबसे अहम कार्य है। उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं में गुणवत्तापरक शिक्षा तथा उत्तम शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थी संजीदगी से पढ़ाई करें। अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी तुरंत प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सुविधाओं के उत्थान और बेहतर वातावरण निर्माण के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण निर्माण में सहयोग के लिए उन्होंने विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।

# आश्वासन के बाद एस.के.आर.ए.यू. विद्यार्थियों का धरना समाप्त

**बीकानेर, (कासं)।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अपना धरना समाप्त किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक स्टाफ द्वारा धरनारत विद्यार्थियों से शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया गया। इस अनुरोध को मानते हुए विद्यार्थियों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देवाराम सैनी से मिलकर 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। देवाराम सैनी ने विद्यार्थियों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने की बात कही।

उन्होंने विद्यार्थियों से कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने, पूरी लगन से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। छात्र कल्याण के विषय पर कोई समझौता नहीं होगा। अध्ययनरत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विश्वविद्यालय शैक्षणिक, अनुसंधान और अन्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयासरत है।



विश्वविद्यालय प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद एस.के.आर.ए.यू. विद्यार्थियों ने मांगों का ज्ञापन सौंप गुलाल उड़ाकर धरना खत्म किया।

इससे पहले छात्र कल्याण और अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, भूसदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय के निदेशक डॉ दाताराम, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण वाई. के. सिंह ने विद्यार्थियों से बातचीत कर धरना समाप्त करने के लिए समझाइश की। डॉ विजय प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा अर्जन सबसे अहम कार्य है। सुविधाओं में उत्तम शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थी संजीदगी से पढ़ाई करें। अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी तुरंत प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है।

- **विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से मिलकर 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा**

# कृषि विवि के विद्यार्थियों का धरना समाप्त, छात्र कल्याण के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन कटिबद्ध



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर परिसर में विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अपना धरना समाप्त किया। विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षणिक स्टाफ द्वारा धरनारत विद्यार्थियों से शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया गया, इस अनुरोध को मानते हुए विद्यार्थियों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार देवाराम सैनी से मिलकर 10 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। देवाराम सैनी ने विद्यार्थियों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने की बात कही। छात्र कल्याण के विषय पर कोई समझौता नहीं होगा। छात्र कल्याण और अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय के निदेशक डॉ दाताराम, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण वाईके सिंह ने विद्यार्थियों से बातचीत कर धरना समाप्त करने के लिए समझाइश की। डॉ विजय प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा अर्जन सबसे अहम कार्य है। अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी तुरंत प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण निर्माण में सहयोग के लिए उन्होंने विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।